पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मिले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

प्रधानमंत्री के समस्त कार्यक्रम के लिये औपचारिक निमंत्रण दिया

लखनऊः 17 जून, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने शिष्टाचारिक भेंट की। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के लखनऊ आगमन पर 20 एवं 21 जून को आयोजित समस्त कार्यक्रम के लिये मिलकर औपचारिक रूप से निमंत्रण दिया। राज्यपाल ने 20 जून को आयोजित केन्द्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान एवं डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ के कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री के सम्मान में मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित रात्रिभोज और 21 जून को रमाबाई अम्बेडकर स्थल पर आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में सम्मिलित होने के लिये अपनी सहर्ष स्वीकृति भी प्रदान की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम से जुड़ी तैयारियों के बारे में भी राज्यपाल से विस्तृत विचार-विमर्श किया। उन्होंने राज्यपाल को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिये बनाये गये विशेष परिधान भी भेंट किया तथा सामान्य योग अभ्यासक्रम से संबंधित साहित्य भी उपलब्ध कराया। राज्यपाल श्री नाईक मुख्यमंत्री के साथ 19 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) में भी सम्मिलित होंगे।

अंजुम/ललित/राजभवन (229/20)